आईआईएम रांची : हिंदी पखवाड़े का समापन, विजेता सम्मानित

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा हिंदी के प्रति रुचि ढ़ाने के लिए आयोजित हिंदी पखवाड़े का समापन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय राजस्व सेवा मुख्य आयकर आयुक्त रांची व अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्विन समिति रांची कुमार संजय, निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, फैकल्टी इंचार्ज राजभाषा प्रो. प्रशांत मौर्य उपस्थित रहे। पखवाड़े के दौरान हुए क्विज प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, एकालाप प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने वाले छात्रों व कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में अवंतिका, एशले गुप्ता, आरती कुमारी, तनय कुमार, श्रेयांशी शर्मा, श्रुति मिश्रा, संस्कार तिवारी, उत्कृष्ट कटियार, प्रणव यादव, विभूति घिया, अरविंद कुमार डोंगरे, गुणोत्तमा, पार्थ सिंह, अंकित सिंह, सुनील कुमार, शशिकला शामिल रहे।

Dainik Bhaskar_05.10.2023_Pg. 4